ट्रांसमिशन लाइनों से प्रतिबंध हटाने पर विचार

चर्चा में क्यों?

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने **राजस्थान और गुजरात में उत्पादित सौर ऊर्जा के संचरण** के लिये लाइनें स्थापित करने हेतु **67,000 वर्ग किमी. से अधिक क्षेत्र छोड़ने** पर सहमति व्यक्त की, लेकिन कहा कि **13,000 वर्ग किमी. क्षेत्र को अबाधित रहना चाहिये** क्योंकि यह **लुप्तप्राय पक्षी,** ग्रेट इंडियन बस्टर्ड का मुख्य निवास स्थान है।

मुख्य बिंदु:

- 80,000 वर्ग किमी. क्षेत्र में सौर ऊर्जा संयंत्रों के प्रसारण के लिये ओवरहेड विद्युत केबलों पर प्रतिबंध लगाने का केंद्र सरकार का आदेश **कार्यान्वयन योग्य नहीं है।**
- इसके अलावा कोयले से चलने वाले थर्मल पावर प्लांटों से उत्सर्जन को कम करने के लिये **सौर ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करने** और **GIB को विलुप्त होने से बचाने हेतु** हर संभव कदम उठाने के बीच संतुलन का सुझाव दिया गया।

ग्रेट इंडियन बस्टर्ड

//

- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (अर्डीओटिस नाइग्रिसिप्स), **राजस्थान का राज्य पक्षी है** और **भारत का सबसे गंभीर रूप से लुप्तप्राय पक्षी माना जाता है।**

- यह **घास के मैदान की प्रमुख प्रजाति मानी** जाती है, जो चरागाह पारिस्थितिकी का प्रतिनिधित्व करती है।
  - इसकी अधिकतम आबादी **राजस्थान और गुजरात** तक ही सीमित है। **महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में यह प्रजाति कम संख्या** में पाई जाती है।
- **खतरे:**
  - **विद्युत लाइनों से टकराव/इलेक्ट्रोक्यूशन, शिकार (अभी भी पाकिस्तान में प्रचलित), आवास का नुकसान और व्यापक कृषि विस्तार** आदि के परिणामस्वरूप यह पक्षी खतरे में है।
- **सुरक्षा की स्थिति:**
  - **अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की रेड लिस्ट (IUCN):** गंभीर रूप से संकटग्रस्त
  - **वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES):** परिशिष्ट-1
  - **प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर अभिसमय (CMS):** परिशिष्ट-I
  - **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972:**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sc-considers-lifting-the-ban-on-transmission-lines-through-gib-habitats